भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 2599**

(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 11 अगस्त 2023 को उत्तर दिये जाने के लिए

"व्यापार मेलों के माध्यम से व्यापार"

2599. श्री नीरज डांगी :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बीते दो वर्ष के दौरान आयोजित किए गए व्यापार मेलों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन मेलों के माध्यम से सृजित व्यापारों के लिए निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा व्यापार मेलों के माध्यम से नागरिकों के मध्य व्यापार में सुधार और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) : विगत दो वर्षों के दौरान आयोजित किए गए व्यापार मेलों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दी गई सूची के अनुसार है। इसके अलावा, कुछ मेलों को तीसरे पक्ष के मेलों के रूप में आयोजित किया जाता है जहां सरकार की भूमिका स्थान और संबंधित सेवाएं प्रदान करने तक सीमित होती है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 2021-22 में 25 और 2022-23 में 87 ऐसे मेले आयोजित किए गए थे।

(ख) : व्यापार मेलों के माध्यम से सृजित किए जाने वाले व्यापार के लिए अग्रिम रूप से कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं।

(ग) नागरिकों के बीच व्यापार में सुधार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण निम्नलिखित है :

(i) भारत में अपने प्रदर्शनी परिसरों और अन्य केंद्रों पर विभिन्न व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों का आयोजन करना।

(ii) भारत और विदेश दोनों के अन्य मेला आयोजकों द्वारा व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों के आयोजन को सुविधाजनक बनाना।

(iii) खरीदारों और विक्रेताओं को एक साथ लाने के उद्देश्य से क्रेता-विक्रेता बैठकें और अनन्य विशेष भारतीय शो का आयोजन करना।

(iv) आगन्तुक विदेशी खरीदारों के लिए उत्पाद प्रदर्शन की व्यवस्था करना।

(v) व्यापार संबंधी विषयों पर सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशालाओं का आयोजन करना

(vi) निर्यात प्रोत्साहन प्रयासों में छोटी और मध्यम स्तर की इकाइयों को प्रोत्साहित करना।

(vii) भारत के विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत में राज्य सरकारों की भागीदारी और समर्थन को सूचीबद्ध करना।

*****

अनुबंध-I

वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान आईटीपीओ द्वारा आयोजित घरेलू आयोजनों की सूची

क्र.सं.	आयोजन का नाम	उत्पाद	स्थान	दिनांक
वित्त वर्ष 2021-22				
1	41वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला	बहु उत्पाद	प्रगति मैदान नई दिल्ली	14-27 नवंबर, 2022
2	29वां कन्वर्जेंस इंडिया एक्सपो (मैसर्स एग्जीबिशन इंडिया के सहयोग से)	हरित भवन प्रौद्योगिकियों, स्वायत्त परिवहन और जल प्रौद्योगिकियों आदि के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, सामग्री और प्रौद्योगिकी।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	23-25 मार्च, 2022
वित्त वर्ष 2022-23				
1	36वां आहार-अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला	भोजन, पेय पदार्थ, होटल और रेस्तरां उपकरण और आपूर्ति आदि।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	26-30 अप्रैल, 2022
2	छठा भारत अंतर्राष्ट्रीय फुटवियर मेला	चमड़ा, चमड़ा उत्पादन, जूते, सहायक उपकरण, रसायन, मशीनरी आदि।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	1-3 सितंबर, 2022
3	23वां भारत अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा एक्सपो	रक्षा एवं मातृभूमि सुरक्षा	प्रगति मैदान नई दिल्ली	8-10 सितंबर, 2022
4	25वां भारतीय चमड़ा एवं सहायक उपकरण मेला	चमड़ा और चमड़े का सामान, मशीनरी, रसायन, रंग, टैनिंग सामग्री, चिपकाने वाले पदार्थ, घटक, सेवा क्षेत्र आदि।	बिस्व बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता (पश्चिम बंगाल)	14-16 सितंबर, 2022
5	41वाँ भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला	बहु उत्पाद	प्रगति मैदान नई दिल्ली	14-27 नवंबर, 2022
6	26वां दिल्ली पुस्तक मेला और 22वां स्टेशनरी एक्सपो, 6 वां ऑफिस ऑटोमेशन और कॉर्पोरेट गिफ्ट एक्सपो	पुस्तकें, प्रकाशन, पत्रिकाएँ आदि।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	22-26 दिसंबर, 2022
7	36 वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय चमड़ा मेला	मशीनरी, उपकरण और प्रौद्योगिकी, तैयार चमड़ा, जूते के घटक, सिंथेटिक सामग्री, रसायन, चमड़े के वस्त्र और सहायक उपकरण	चेन्नई ट्रेड सेंटर, नंदंबक्कम, चेन्नई	01-03 फरवरी, 2023
8	12वाँ पूर्वी हिमालय व्यापार मेला	सभी प्रकार के उपभोक्ता उत्पाद, छोटे इंजीनियरिंग उत्पाद, एमएसएमई क्षेत्र, जैविक क्षेत्र और महिला उद्यमिता के साथ-साथ स्टार्ट अप इकाई द्वारा विशेष प्रदर्शन।	गुवाहाटी (असम)	06-12 फरवरी, 2023
9	16वाँ नक्षत्र 2023	हॉलिस्टिक उत्पाद, रत्न, मोती और पत्थर, फेंगशुई वस्तुएं, जन्मपत्री, ज्योतिषीय	प्रगति मैदान, नई दिल्ली	25 फ़रवरी – 5 मार्च, 2023

		सॉफ्टवेयर और उपकरण, किताबें, पीरिऑडिकल्स और पत्रिकाएं, पूजा सामग्री, मूर्तियां, अगरबत्ती, योग की सामग्री।		
10	नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला (नेशनल बुक ट्रस्ट के सहयोग से)	पुस्तकें, प्रकाशन, पत्रिकाएँ आदि।	प्रगति मैदान, नई दिल्ली	25 फ़रवरी – 5 मार्च, 2023
11	37वां आहार-अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेला	भोजन, पेय पदार्थ, होटल और रेस्तरां उपकरण और आपूर्ति आदि।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	14-18 मार्च, 2023
12	30वां कन्वर्जेंस इंडिया एक्सपो, स्मार्ट सिटी एक्सपो (मैसर्स एग्जीबिशन इंडिया के सहयोग से)	हरित भवन प्रौद्योगिकियों, स्वायत्त परिवहन और जल प्रौद्योगिकियों आदि के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, सामग्री और प्रौद्योगिकी।	प्रगति मैदान नई दिल्ली	27-29 मार्च, 2023

******